## सार-समाचार

### जल संरक्षण की दिलाई शपथ

**बालोतरा,** (निसं)। भू-संसाधन एवं जलग्रहण प्रबंधन खण्ड, भारत सरकार एवं जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जल संग्रहण एवं भू-संरक्षण से उन्नति की ओर बढते कदम थीम पर निर्धारित जलग्रहण यात्रा अंतर्गत पंचायत समिति पाटोदी की ग्राम पंचायत रिछोली में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार जलग्रहण विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता घनश्याम सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जलग्रहण यात्रा को लेकर 18 फरवरी को ग्राम पंचायत पाटोदी के ग्राम आरम्भा गोलिया में कलश यात्रा तथा ग्राम पंचायत रिछोली में प्रभात फेरी, साईकिल रैली, विद्यालय में जल की उपयोगिता पर निबंध प्रतियोगिता व जल संरक्षण से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर जल संग्रहण एवं भू-संरक्षण का संदेश दिया गया। बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रिछोली में आयोजित कार्य म में पाटोदी प्रधान प्रतिनिधि जोगेन्द्र प्रजापत, पाटोदी विकास अधिकारी चुनाराम विश्नोई, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दौलतराम गोदारा, समाजसेवी मोतीराम गोदरा, पूर्व सरपंच रिछोली मिश्राराम मेघवाल व रिछोली सरपंच प्रतिनिधि भंवरू खान तथा विभाग के अधिशाषी अभियंता मनोज सुराणा, सहायक अभियंता विवेकानन्द विद्यार्थी एवं कनिष्ठ अभियंता कर्त्तव्य नागौरी, गगन शर्मा, कुलदीप अखावत सहित ग्रामीणों ने ब?-च?कर भाग लिया। कार्य म में 18 फरवरी को आयोजित पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं में प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व जलग्रहण क्षेत्र में उत्कृष्ट कृषकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। भुतानाडा तालाब रिछोली में अतिथियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों द्वारा श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विभागीय अधिशाषी अभियंता मनोज सुराणा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों को जल शपथ दिलाई।

### पंचगव्य चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ

**जोधपुर,** (कास)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं लक्ष्य पर्यावरण एवं जन कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ठाम मोकलावास में चंचलमल जी चोरडिया की पुण्यतिथि के अवसर पर पंचगव्य चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर निशुल्क आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने की। संजीवनी चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. गोविंद गुप्ता ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से ठामवासियों को पंचकर्म, मर्म चिकित्सा एवं प्राकृतिक चिकित्सा से लाभान्वित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उचित चिकित्सा हेतु जागरूकता बढ़ाना था। इसके अलावा, साइटिका, सांस रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा आदि के रोगियों का मर्म चिकित्सा, पंचकर्म, एक्यूपंक्चर, इंफ्रारेड, टेंस एवं योग चिकित्सा द्वारा उपचार किया गया। कुल 245 मरीजों को इस शिविर में निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। संजीवनी चिकित्सालय के उपाधीक्षक एवं चल चिकित्सा इकाई प्रभारी प्रो. ब्रह्मानंद शर्मा ने बताया कि शिविर में धन्या ऊषा मधु कुमार , डॉ.अचलाराम कुमावत,डॉ. पूजा शर्मा,डॉ. सूरज चौधरी,डॉ. अजीत सिंह चारण ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में ग्रामीणों को आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धितयों के महत्व की जानकारी दी गई और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह आयोजन ठामवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और आयुर्वेद चिकित्सा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### युवक ने अंगूठी व चेन चुराई

**जोधपुर,** (कास)। शहर के बोम्बे मोटर चौराहा के पास में आए एक देवी मंदिर में दर्शन को आया युवक वहां से सोने की दो अंगुठियां और चेनमय पेडेंट चोरी कर ले गया। बाद में पुजारी को इसका पता लगा तो वे सकते में आ गए। घटना को लेकर प्रतापनगर सदर थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने इसमें अब अठिाम पड़ताल आरंभ की है। फिलहाल बदमाश का सुराग हाथ नहीं लगा है। प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि मामले में बोम्बे मोटर सर्कि ल महेश हॉस्टल के पीछे रहने वाले पुजारी श्यामसिंह भाटी की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वे बोम्बे मोटर सर्किल के पास में एक देवी मंदिर में बतौर पुजारी कार्यरत है। मंगलवार को एक युवक देवी दर्शन के लिए अनुमति मांगी। तब उसे मंदिर में प्रवेश दे दिया गया। कुछ देर बाद युवक वहां से चला गया। उसके जाने के बाद पुजारी ने वहां देखा तब दो सोने की अंगुठियां और एक चेनमय पेडेंट गायब मिला। पुजारी ने उस युवक पर आभूषण चुराने का अंदेशा जताते हुए रिपोर्ट दी है। फिलहाल मामले में अग्रिम जांच की जा रही है।

### अलार्म चेन खींचने वालों पर कार्यवाही

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल पर ट्रेनों में सफर करने के दौरान बिना उचित कारण के अलार्म चैन खींचने वाले शरारती तत्वों पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कार्रवाई की गई है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के दिशा निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त नीतीश शर्मा के नेतृत्व में जोधपुर मंडल में माह अप्रैल-2024 से जनवरी -2025 तक बिना उचित कारण अलार्म चेन खीचने वाले 724 लोंगो पर कार्यवाही करके 285900 रूपये जुर्माना वसूला गया। डीआरएम ने बताया कि जोधपुर मण्डल सभी रेल उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। इन्ही प्रयासों के क्रम में मण्डल के वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण के अलार्म चेन खीचने वालों के विरुद्ध निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाये जा रहे है। रेल प्रशासन अपने यात्रियों से अनुरोध किया है कि बिना उचित एवं प्रर्याप्त कारण के चेन पुलिंग न करें ,ऐसा करना दंडनीय अपराध है। उक्त कृत्य से अन्य साथी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### 'उलझन सुलझे ना' का विमोचन

**जोधपुर,** (कासं)। अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद,जोधपुर के तत्वावधान में सुश्री गीता भट्टाचार्य की लंबी कहानी 'उलझन सुलझे ना' का विमोचन 2 मार्च की शाम गांधी भवन में होना निश्चित हुआ है ।विमोचन कार्यऋम की संयोजिका और परिषद की महामंत्री डॉ.पद्मजा शर्मा ने बताया कि कार्यऋम के अध्यक्ष कथाकार एवं शायर हबीब कैफी ,मुख्य अतिथि कवि एवं समीक्षक डॉ. कौशलनाथ उपाध्याय,विशिष्ट अतिथि कथाकार एवं कवयित्री आशा पाराशर ,संचालन कवयित्री डॉ.सूरज माहेश्वरी करेंगी। सुश्री गीता भट्टाचार्य जोधपुर रंगमंच की चर्चित अभिनेत्री हैं ।आपके चार कहानी संग्रह और एक आत्मकथात्मक संस्मरण की पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है। 'प्रतिदान' कहानी संग्रह राजस्थान साहित्य अकादमी ,उदयपुर द्वारा पुरस्कृत है।आपने स्व जयप्रकाश नारायण की रैलियों में भी सहभागिता की है।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**जोधपुर,** (कास)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान व निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराने की दृष्टि से संभागीय आयुक्त जोधपुर डॉ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 फरवरी, को प्रात: 10 बजे से मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर, महिला पालिटेक्निक कॉलेज के पास, जोधपुर में आयोजित होगी। जिसमें जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण भाग लेंगे।

### अस्पताल का किया निरीक्षण

**बालोतरा,** (निसं)। जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार ने बुधवार को जिला नाहटा अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार ने अस्पताल में ओपीडी व्यवस्था, भर्ती वार्ड, पार्किंग व्यवस्था और दवाई वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होने मौसमी बीमारियों के प्रकोप को देखते हुए सभी मेडिकल स्टॉफ को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने को निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि मरीजों को चिकित्सालय में किसी प्रकार की दिक्कत न हो और यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने अस्पताल में आने वाले हर मरीज को निशुल्क दवा और जांच योजना से लाभांवित करने को कहा। उपखण्ड अधिकारी ने सभी चिकित्सा कार्मिकों को कहा कि ओपीडी के समय अपने अपने कक्षों में उपस्थित रहे और मरीजों को देखे।

### नशे में धुत चालक से यात्री आक्रोशित

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर में बुधवार को दर्जनों यात्रियों ने आबूरोड से भीनमाल जा रही रोडवेज का बस यात्रियों के हंगामे के यात्रियों के हंगामे के बाद पहुंची। पुलिस को देख चालक फरार, रोडवेज के दूसरे चालक के साथ बस को किया गया रवाना, टिकिट लेने के बाद भी कई यात्री निजी वाहनों में रवाना हुए।

# 'लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें'

**जालोर,** (कासं)। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बैंक अधिकारियों को कहा कि 8 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जावे उन्होंने कहा कि बैंक में सुदृश्य स्थान पर लोक अदालत के प्रचार प्रसार को लेकर बैनर लगाया जावे एवं बैंक की ओर से पक्षकारों को दी जाने वाली छूट का भी प्रचार प्रसार किया जावे । ताकि अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण हो सके। उन्होंने कहा कि बैंक अधिकारी भी अपने स्तर पर पक्षकारों से समझाइश करें और बैंक की ओर से दिए जा रहे फायदे या छूट की जानकारी दी जावे। इस दौरान उन्होंने कहा कि न्यायालयों में लंबित चल रहे एनआईएक्ट, ऋण वसूली आदि प्रकरणों में भी संबंधित पक्षकारों से भी समझाइश करें और अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि ऋण संबंधित प्री लिटिगेशन के प्रकरणों में दी जाने वाली छूट का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जावे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बैंकों की ओर से पेश किए जा रहे प्री लिटिगेशन के प्रकरणों को यथा समय पेश करें एवं लोक अदालत से पूर्व प्री काउंसलिंग का भी आयोजन किया जावे। उन्होंने कहा कि यदि किसी पक्षकार को नोटिस भेजने के बाद बैंक में पहुंचकर समझौता करता है तो बैंक में समझौता किया जावे। इस दौरान उन्होंने बैंक अधिकारियों से भी सुझाव लिए। इस दौरान विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

जालोर के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश अहसान अहमद ने बैक अधिकारियों की बैठक ली। फोटो राष्ट्रदूत

# जिला जल व स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न

**जालोर,** (कासं)। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 32वीं बैठक जिला कलैक्टर प्रदीप के गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने ओटीएमपी एवं नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट की समीक्षा कर नर्मदा परियोंजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चैधरी को निर्देश देते हुए कहा कि जन प्रोजेक्ट्स में वित्तीय कारणो से प्रगति न्यून है तथा जहॉ संवेदकों से सिविल कार्य पूर्ण किया जाकर नल कनेक्शन जोडे. जा सकते हैं, उन गांवों में जल्द कार्य पूर्ण करने के साथ ही टूटी हुई सडकों की मरम्मत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने थर्ड पार्टी इंस्पकेशन एजेन्सी की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेते हुए कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने की बात कही। उन्होंने विद्यालयों एवं आंनवाडी केन्द्रों के नजदीकतम जहा वर्तमान पाईपलाईन जा रही हैं उससे पाईप जोड़ कर इन संस्थानों को शीघ्र पेयजल से लाभांवित करने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा ग्रीष्म ऋतु में पेयजल टैंकर व कंटीजेन्सी प्लान के अनुमोदन की जानकारी मांगने पर रेगूलर खण्ड जालोर श्याम बिहारी बैरवा ने बताया कि जालोर के टेंडर खोल दिये गये है जिनका कार्य प्रस्तावित है तथा अधिशाषी अभियंता रेगूलर खण्ड भीनमाल के हेमंत कुमार वैष्णव ने बताया कि निविदा आंमत्रित की जा चुकी है जिन्हें आगामी दिनों में खोली जाकर कार्य प्रस्तावित किया जा सकेगा। पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता द्वारा पेजयल के वितरण में आ रही विधुत सप्लाई में हाईवोल्टेज को सही कराने का आग्रह किया जिस पर जिला कलक्टर ने डिस्कॉम के अधिशाषी अभियंता एवं त.स. एनएल सुथार को उम्मेदाबाद तथा तैतरोल व स्टोरेज व पम्पहाउस पर विघुत सप्लाई नियमित करने तथा वोल्टेज आगामी दस दिवस में सुधार करने के लिए निर्देशित किया। नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान में ईआर प्रोजेक्ट में प्रस्तावित 145 उच्च जलाशय में से 41 का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 69 का कार्य प्रगतिरत है। एफआर प्रोजेक्ट में प्रस्तावित 108 उच्च जलाशय में से 18 का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 48 का कार्य प्रगतिरत है। बैठक में पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता, वृत जालोर संजय शर्मा ने पूर्व बैठक की पालना रिपोर्ट की जानकारी देते हुए जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी में प्रस्तुत कर बताया कि जिलें में नर्मदा परियोजना के डीआर, ईआर, एफआर, सीलूजैसला भाटकी तथा ओटीएमपी योजनाओं के अंतर्गत जिलें के 793 गांवो के घरो में कुल 3,17,283 नल कनेक्शन दिये जाने प्रस्तावित है इसमें वृहद परियोजना अंतर्गत 3,03,982 लक्ष्य की तुलना में 1,30,708 तथा ओटीएमपी योजनाओं अंतर्गत 13,301 लक्ष्य की तुलना में 11,890 तक नल कनेक्शन जोडे जा चुके है।

बैठक में अधिशाषी अभियंता मोनेटरिंग वृत जालोर राजेश कुमार, अधिशाषी अभियंता परियोजना खण्ड जालोर धर्मचंद सोनी, अधिशाषी अभियंता परियोजना खण्ड भीनमाल बलवीर सैनी, अधिशाषी अभियंता एवं त.स. परियोजना दिलीप गोपलानी, सहायक अभियंता परियोजना से जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

जिला जल व स्वच्छता कार्यक्रम की बैठक जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। फोटो राष्ट्रदूत

## 'बजट विकसित भारत के सपने को करेगा साकार'

**रेवदर,** (कासं)। जालौर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने बजट की तारीफ में कहा कि यह विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक बनेगा।

चौधरी ने कहा कि यह आम आदमी का बजट है। यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार द्वारा लाया गया ये बजट, एक दूरदर्शी बजट है, जो विकसित राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। इस बजट में प्रदेश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में यह बजट राजस्थान को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगा। यह बजट गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा। आबूरोड में कन्या महाविद्यालय, करोटी व वाडका में एनीकट निर्माण/मरम्मत कार्य, सेलवाडा, टोकरा, मूँगथला, मंडार नाला - नहरों का निर्माण/मरम्मत कार्य, रेवदर कृषि मंडी में आधुनिक आधारभूत सुविधा कार्य, मंडार में गौण कृषि मंडी, साँचौर से आबूरोड तक स्टेट हाइवे 1०7 किमी,आबूरोड में रोडवेज बस स्टेंड सम्बन्धी कार्य,स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आबूरोड में विभिन्न खेलों के कोर्ट, हॉल और रनिंग ट्रेक का निर्माण करवाना। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष चिराग रावल ने कहा कि वित मंत्री दिया कुमारी द्वारा आज प्रस्तुत किए गए 2025 - 26 के आम बजट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के संकल्प की सिद्धि साफ नजर आती है।

# बजट को लेकर मिली मिली जुली प्रक्रिया, बजट में भीनमाल रहा अछूता

**जालोर,** (कासं)। प्रदेश का बजट बुधवार को विधानसभा में वित्त मंत्री दिया कुमारी ने प्रस्तुत किया । बजट को लेकर जालोर जिले से मिली जुली प्रतिक्रिया मिली है। वही इस बार पांच विधानसभा क्षेत्रो में जालोर के भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के लिए एक भी घोषणा नही करना शोचनीय बात नजर आई

भीनमाल को जिला बनाने की मंशा रखने वाली भाजपा सरकार ने इस बार भीनमाल के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया है। बुधवार सुबह प्रदेश सरकार की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राज्य बजट की घोषणा की। जिसमें आम घोषणाओं के अलावा कई विशेष नामजद घोषणाएं भी की गई है। इस बजट में प्रदेश सरकार ने प्रदेश में एक हजार नए ट्यूबवेल खुदवाने, 150 यूनिट बिजली प्रतिमाह निशुल्क देने जैसी सामान्य घोषणाओं के साथ साथ हर विधानसभा के लिए नामजद घोषणा कर लाभ दिया है। इसमें जालोर जिले के जालोर विधानसभा क्षेत्र, आहोर विधानसभा क्षेत्र, सांचौर विधानसभा क्षेत्र, रानीवाडा विधानसभा क्षेत्र को नामजद घोषणा के साथ कुछ न कुछ दिया गया है, लेकिन भीनमाल के लिए एक भी नामजद घोषणा नहीं की गई है। पूरे बजट में भीनमाल का कोई नाम तक शामिल नहीं है।

बजट में इस बार जालोर जिले में भेदभाव रवैया अपनाया गयाा आहोर व जालोर में भाजपा के विधायक होने से इन क्षेत्रो में बजट घोषणा की गई जबकि रानीवाडा में कांठोस विधायक है, लेकिन पूर्व विधायक नारायणसिंह बजट में क्षेत्र में धोषणा करवाने में सफल रहो वही भीनमाल में कांठोस विधायक होने से नाम तक नही लिया गया ,जबकि सांचोर में भाजपा समर्थित निर्दलीय विधायक होने से अपने क्षेत्र में कुछ घोषणा करवाने में सफल रहो

आहोर विधानसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार भाजपा के विधाक छगनसिंह राजपुरोहित विधायक बजट में आहोर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत, पादरली को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने, सांडेराव से मोकलसर तक 49 किलोमीटर की मुख्य जिला सडक (एमडीआर) 65 करोड रुपए से बनवाने की घोषणा भी की गई है। साथ ही जालोर से जोधपुर जाने वाले मुख्य मार्ग रोहिट से आहोर मार्ग काफी लम्बे समय तक क्षतिठास्त होने से लोगो द्वारा लम्बा संघर्ष के बाद बजट में घोषणा की गई प्रभारी मंत्री के .के .विश्नोई से पिछले काफी समय से प्रेस वार्ता में भी उक्त क्षतिठास्त सडक की मरम्मत को लेकर प्रश्न किया थाा जिसके बाद उक्त सडक की मरम्मत को लेकर बजट में घोषणा करना जालोर वासियो के लिए राहत की बात है। रोहिट से आहोर तक सडक के नवीनीकरण को लेकर एक करोड 20 लाख से नई डीपीआर बनाने की भी घोषणा की है।

जालोर विधानसभा क्षेत्र से विधायक जोगेश्वर गर्ग है, जो मुख्य सचेतक भी है। जालोर के लिए सबसे बडी घोषणा जालोर शहर में भारी वाहनों के आवागमन को लेकर कई बार दिक्कतें होती है, इससे छुटकारा दिलाने के लिए सरकार ने जालोर में रिंग रोड बनाने की घोषणा की है। इसके अलावा जालोर- रेवतडा-सायला -बागोडा स्टेट हाईवे 16 बी पर 25 करोड से ब्रिज बनाने की घोषणा की है। साथ ही उडान योजना के तहत नून हवाई पट्टी का विकास किया जाएगा, यहां बडे जहाज उतरे, इसके लिए यहां का विकास होगा। इसी प्रकार जालोर पॉलिटेक्निक कॉलेज में मैकेनिकल व सिविल ब्रांच की सीटों में वृद्धि करने की घोषणा की है। वहीं जालोर के निकट केशवाना में घुमंतु- अर्ध घुमन्तु बच्चों के लिए छात्रावास बनाने की घोषणा की गई है। जालोर जिला मुख्यालय पर जिला कारागार छोटा होने से नया कारागार का निर्माण करने की भी घोषणा की गई है। सायला में नगर पालिका भवन बनाने की भी घोषणा की गई है।

इसी प्रकार सिराणा से रंगाला तक और वासन से धारेश्वर महादेव तक सडक निर्माण करने की घोषणा की गई है। सांचौर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक जीवाराम चौधरी होने से वे पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व मुख्यमंत्री भजनलाल के काफी करीबी माने जाते है। सांचोर जिला भले ही समाप्त कर दिया । लेकिन बजट में जीवाराम कार्य करवाने में सफल रहे। सांचौर में एडीएम कार्यालय के लिए घोषणा हुई है।

इसी प्रकार सांचौर में पशु चिकित्सा संस्थान को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, सांचौर के जाजुसन में डिस्कॉम के 33/11 केवी जीएसएस बनाने, सांचौर के विरोल से गुजरात बॉर्डर तक साढे तीन किलोमीटर, सिलुग्राम से गुजरात बॉर्डर तक, हरियाली से अरणाय तक, गोलासन से गुजरात बॉर्डर तक सडक निर्माण, साथ अन्य सडकों के निर्माण के लिए दस करोड रुपये जारी करने की घोषणा की। भाटकी से गुजरात बॉर्डर तक, गुडाहेमा से सतपालिया मंदिर तक की सडक का निर्माण करने, सांचौर-रानीवाडा -मंडार- आबू रोड स्टेट हाईवे की नई डीपीआर बनाने, सांचौर शहर में सीवरेज-ड्रेनेज की घोषणा,सांचौर में रोडवेज बस स्टैंड व सांचौर में खेल स्टेडियम बनाने की भी घोषणा की गई है।

रानीवाडा से इस बार कांग्रेस के विधाायक रतन देवासी विधायक है। लेकिन पूर्व विधायक मुख्यमंत्री के करीबी होने से उनके प्रयासो से इस बार बजट में क्षेत्र के सरनाऊ में नवीन रीको औद्योगिक क्षेत्र की घोषणा की गई है। इसी प्रकार जसवंतपुरा में नया कॉलेज खोलने, करडा में डिस्कॉम के सहायक अभियंता कार्यालय खोलने, बडगांव पीएचसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किया गया है। वही भीनमाल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक समरजीतसिंह है तथा उन्होने सांचोर को जिला हटाने को लेकर सदन में विरोध भी प्रकट किया थाा जिसके चलते बजट में कोई घोषणा नहीं की गई है।

ओलम्पिक संघ जालोर के महासचिव लालसिंह सांखला ने बताया कि खेलों को समर्पित राज्य का बजट में खेलों को लेकर कई बडी घोषणा की गई हैं। प्रदेश में खेल प्रशिक्षक और स्पोर्ट्स स्पेशलिस्ट तैयार करने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी साथ ही सम्भगीय स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज खोलने सभी जिलों में खेल अकादमी अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडियों को 25 लाख का दुर्घटना बीमा छात्राओं की आत्मरक्षा के लिए ब्लॉक स्तर पर रानी लक्ष्मीबाई सेंटर खोलने प्रतिवर्ष खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन राज्य स्तरीय खिलाडियों के प्रशिक्षण के लिए 15 करोड रूपये खर्च करने खेलों के लिए बजट राशि दो गुना करने तथा खेल नीति 2024 लागु करने की घोषणा से प्रदेश में खेलों एवं खिलाडियों का चहुँमुखी विकास होगा।

## सार-समाचार

### जेडीए में भूखण्डों की ई-नीलामी जारी

**जोधपुर,**(कासं)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण उत्साह चैधरी के नेतृत्व एवं निर्देशन में प्राधिकरण ने माह फरवरी-अप्रैल 2025 के अन्तर्गत विभिन्न आवासीय, व्यावसायिक, मल्टीस्टोरी एवं सुविधा क्षेत्रों में स्थित भूखण्डों की भव्य ई-नीलामी की जा रही है। प्राधिकरण गुरूवार को उद्योग योजना के औद्योगिक भू.सं. 56 एवं राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर एफ के भू.सं. 23, 62, 63 व 149 की नीलामी की जाएगी। निदेशक वित्त मंजीत चारण ने बताया प्राधिकरण ने बुधवार एवं मंगलवार को दो नीलामी दिवस में गंगा विहार आवासीय योजना के 1 भूखण्ड एवं राज्य कर्मचारी आवासीय योजना ग्राम मोगडा कलां के 4 भूखण्डों को नीलामी के जरिये विक्रय किया। प्राधिकरण को ई-नीलामी में गंगा विहार आवासीय योजना के भूखण्ड के लिए 14,700 प्रति वर्गमीटर एवं राज्य कर्मचारी योजना के भूखण्डों के लिए 16 हजार रूपए प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि गुरूवार को प्रस्तावित भूखण्डों की ई-नीलामी हेतु नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवा चुके आवेदकों से गुरूवार दोपहर 12:30 बजे तक ऑनलाईन बिड लगाते हुए नीलामी में भाग लिया जा सकता है। इसी प्रकार प्राधिकरण द्वारा ई-नीलामी के अन्तर्गत शुक्रवार, 21 फरवरी को राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर एफ के भू.सं. 150, 166,167, 178 एवं 179 की नीलामी की जाएगी। प्रभारी अधिकारी सान्दू ने बताया कि उक्त भूखण्डों के लिए नियमानुसार धरोहर राशि दिनांक 20 फरवरी प्रात: 11 बजे तक जमा करवाते हुए शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे तक ऑनलाईन बिड लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है। आमजन में ग्राम चैखा के खसरा सं. 701 स्थित व्यावसायिक भूखण्डों सहित विभिन्न व्यावसायिक भूखण्डोंके लिए भारी रूझान एवं उत्साह जोधपुर विकास प्राधिकरण की ई-नीलामी में व्यावसायिक खसरा नं. 701 ग्राम चैखा एवं व्यावसायिक परिवहन नगर के व्यावसायिक भूखण्डों तथा सुविधा क्षेत्रों में स्थित भूखण्डों के लिए आमजन में उत्साह एवं भारी रूझान निरन्तर जारी है। ज्ञात रहे कि गत वर्ष माह फरवरी-मई ई-नीलामी कार्यऋम में भी जेडीए की व्यावसायिक खसरा नं. 701 ग्राम चैखा योजना के व्यावसायिक भूखण्डों की आमजन में भारी मांग एवं रूझान थे। जिसके मद्देनजर ग्राम चैखा ख. सं. 701 के व्यावसायिक भूखण्डोंके लिए प्राधिकरण को 87000 रूपए प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई थी।

### खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

**जालोर,** (कासं)। नेहरू युवा केन्द्र जालोर एवं युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाखणी में सरपंच प्रतिनिधि हनुमान सिंह एवं प्रधानाचार्य दिलीप दवे ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच चेनपुरा वर्सेज कोरी ध्वेसा के बीच खेला गया। जिसमें कोरी ध्वेसा की टीम ने जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मैच राह वर्सेज जेसावास के बीच खेला गया जिसमें जेसावास की टीम ने जीत दर्ज की।

### समीक्षा बैठक आज

**जालोर,** (कासं)। आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम एकी.त परिवाद निवारण प्रणाली ''संपर्क समाधान'' के तहत 20 फरवरी को प्रात: 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के भारत निर्माण सेवा केन्द्र पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।

## सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

**जालोर,** (कासं)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत नियंत्रण वस्तुएँ उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर उपलब्ध करवाने एवं उनके नियंत्रण व निगरानी के लिए गठित तहसील स्तरीय खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति की बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्यों को जानकारी दी गई कि समिति यह सुनिश्चित करेगी कि जिला, उपखण्ड व पंचायत में कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्य सुरक्षा की सूची में समावेशन से वंचित नहीं रहे तथा कोई भी अपात्र खाद्य सुरक्षा का लाभ प्राप्त नहीं कर सकें। समिति वंचित पात्र व्यक्तियों एवं सूची में जुडे अपात्र व्यक्तियों की सूचना सप्रमाण सक्षम स्तर पर दे सकेंगी तथा निष्कासन व समावेशन के लिए अभिशंसा कर सकेगी तथा खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के आवंटन, आपूर्ति-पहुँच व वितरण की निगरानी करेगी। समिति उचित मूल्य दुकानदार द्वारा तोल के लिए प्रमाणित बाट-माप का प्रयोग सुनिश्चित करने के साथ ही बोगस व फर्जी राशनकार्डों को निरस्त करवाने संबंधी अभिशंसा भी कर सकेंगी। बैठक में विभाग द्वारा चलाए जा रहे गिव-अप अभियान के अंतर्गत अपात्र लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से स्वेच्छा से निष्कासन के लिए प्रेरित करने एवं ऐसे अपात्र लाभार्थियों के नाम विभाग को प्रेषित करने के बारे में विचार-विमर्श किया गया।

**आम सूचना**

आम खास को सूचित किया जाता है